14

# किसान की होशियारी

सुनें कहानी

एक किसान अपना खेत जोत रहा था। अचानक कहीं से एक भालू आ गया। भालू किसान को मारने झपटा। किसान ने कहा, “मुझे क्यों मारते हो? उपज होने दो, जो कहोगे, वही खिलाऊँगा।”

भालू ने कहा, “भूमि के ऊपर की उपज मेरी और नीचे की तुम्हारी रहेगी।”



किसान ने आलू बो दिए। उपज हुई तो भालू को पत्ते खाने को मिले। भालू चिढ़कर रह गया।



अगली बार भालू ने कहा, "देखो इस बार भूमि के नीचे की उपज मेरी और ऊपर की तुम्हारी।"

इस बार किसान ने गेहूँ बो दिया। जब उपज हुई तो किसान को मिले चमकीले गेहूँ। भालू को मिलीं केवल जड़ें। भालू खीझकर रह गया।





Reprint 2025-26



इस बार भालू ने किसान को पाठ पढ़ाने की सोची। उसने किसान से कहा, “भूमि के सबसे ऊपर और भूमि के नीचे की उपज मेरी।” किसान मान गया।

इस बार किसान ने लगाया गन्ना। जब उपज हुई तो भालू को मिले पत्ते और जड़ें। भालू का सिर चकरा गया।

## बातचीत के लिए

1. आपको अपनी कौन-कौन सी वस्तुएँ प्रिय हैं?
2. यदि आप भालू के स्थान पर होते तो किसान से क्या कहते?
3. आप किसान की चतुराई के बारे में क्या सोचते हैं?



Reprint 2025-26

## सोचिए और लिखिए

1. किसान ने भालू से बचने के लिए उससे क्या कहा?
2. भालू ने दूसरी बार नीचे की उपज क्यों माँगी?
3. अंत में किसान ने बुद्धिमत्ता कैसे दिखाई?
4. आप किसान के स्थान पर होते तो क्या करते?

## भाषा की बात

**1. उचित विराम चिह्न दिए गए खानों में लिखिए—**

(क) भालू किसान पर झपटा

(ख) मुझे क्यों मारते हो

(ग) उपज आई तो भालू को पत्ते खाने को मिले

(घ) हम यह काम कैसे करेंगे

(ङ) किसान को मिले चमकीले गेहूँ

**2. दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए—**

**पाठ पढ़ाना**

अर्थ – ..................................

वाक्य प्रयोग – ..........................

..................................................

..................................................

**सिर चकराना**

अर्थ – ..................................

वाक्य प्रयोग – ..........................

..................................................

..................................................





Reprint 2025-26



## कहानी से आगे


1. यदि भालू आगे भी हार न मानता तो किसान क्या करता? कल्पना करके बताइए।
2. आपके अनुसार उपज पर किसान का अधिकार होना चाहिए था या भालू का?



## वर्ग पहेली

**चित्रों को पहचानिए और उनके नाम वर्ग पहेली में से ढूँढ़कर नीचे लिखिए—**











| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ची | के | बं | द | र |
| घो | ला | हि | खी | ख |
| ड़ा | शे | र | रा | र |
| हा | गा | न | मू | गो |
| थी | य | आ | ली | श |
| के | ला | म | छ | ली |







......घोड़ा......, ......................, ......................, ......................

......................, ......................, ......................, ......................

......................, ......................, ......................, ......................






Reprint 2025-26



## आनंद के लिए

**1. किसको क्या खाना अच्छा लगता है, पहचानिए—**





शहद, फल

हरी मिर्च, मीठे फल



हरी घास, भूसी






दूध, मलाई

पौष्टिक और संतुलित भोजन

**2. आपके घर में जितने भी साग आते हैं, उन्हें वर्गीकृत कीजिए—**

| साग वर्गीकरण का आधार | साग |
|---|---|
| भूमि के नीचे पैदा होने वाले | आलू, ............ |
| पत्ते के रूप में खाए जाने वाले | ............ |
| फल के रूप में उगने वाले | ............ |
| फली के रूप में खाए जाने वाले | ............ |





Reprint 2025-26

## कुछ नया करें

**कल्पना कीजिए कि कहानी वाला भालू आपके स्कूल में आया है। आप भालू से क्या बातचीत करेंगे?**



आप – ..........................................................................................

..........................................................................................

भालू – ..........................................................................................

..........................................................................................

आप – ..........................................................................................

..........................................................................................

भालू – ..........................................................................................

..........................................................................................

आप – ..........................................................................................

..........................................................................................




Reprint 2025-26

## मेरी चित्रकारी

भालू का एक सुंदर चित्र बनाकर उसमें मनचाहे रंग भरिए—

## झटपट कहिए



ऊँट ऊँचा, ऊँचा ऊँट,

ऊँची ऊँट की पीठ।

पीठ ऊँची, पूँछ भी ऊँची,

ऊँची पूँछ, ऊँचा ऊँट।







Reprint 2025-26